प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 13.12.2024

- ❖ **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस को मिली सफलता।**
- ❖ **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता का रिश्तेदार बनकर 20000 रुपये की साइबर ठगी की गयी थी।**
- ❖ **शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि 20000/- रुपये को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शिकायतकर्ता श्री सूर्यभान सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह निवासी लालपुर शिवराज मैथा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के साथ दिनाँक 26.02.2024 को साइबर अपराधी द्वारा रिश्तेदार बनकर 20000 रुपये का फ्राड़ किया गया था। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई गयी, जिस पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के बैंक खाते में सम्पूर्ण धनराशि 20000/- रुपये वापस कराये गये। थाना साइबर क्राइम पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

वापस करायी गयी कुल धनराशि-

1. कुल 20000/- रुपये

धनराशि वापस कराने वाली थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अब्दुल कलाम
2. का0 कृष्ण कुमार
3. का0 बलजीत सिंह
4. म0का0 नसरा खान